# अगस्त में साढ़े चौदह हजार से ज्यादा नए करोना संक्रमित मिले राजस्थान में

## इस बीच 47 लोगों की संक्रमण से मौत भी हुई है

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में अगस्त के महीने में साढ़े चौदह हजार से ज्यादा नए करोना संक्रमित सामने आए हैं। वहीं इस दौरान संक्रमण से 47 मरीजों की मौत भी हुई है। इधर पिछले चौबीस घंटों में राज्य में साढ़े तीन सौ नए संक्रमित मिले हैं। वहीं साढ़े चार सौ से ज्यादा मरीज ठीक भी हुए हैं।

प्रदेश में पिछले महीने करोना संक्रमण का असर ज्यादा बना रहा है। इसके चलते पूरे महीने में 14 हजार 605 नए संक्रमित मिले थे। इनमें सबसे ज्यादा मरीज जयपुर, अलवर और भरतपुर जिले में सामने आए। वहीं इस बीच करोना से 47 लोगों की मौत भी हुई। हालांकि अगस्त के आखिर सप्ताह में संक्रमितों की संख्या में कमी दर्ज की गई। इस दौरान संक्रमितों का आंकड़ा आठ सौ से कम होकर तीन सौ के नीचे आ गया था। इधर राज्य में बुधवार को 25 जिलों में 350 नए संक्रमित मिले हैं। राजधानी जयपुर में एक बार फिर नए संक्रमितों की संख्या में वृद्धि हुई है। इस दौरान जिले में 128 नए मरीज सामने आए हैं। इसके अलावा जोधपुर में 24, अजमेर में 21, प्रतापगढ़ में 18, चित्तौड़गढ़ में 17, डूंगरपुर में 16, दौसा में 15, सिरोही में 14, उदयपुर में 13, नागौर में 12, भरतपुर व भीलवाड़ा में 11-11, सीकर में 10, अलवर में 9, करौली में 6, कोटा व राजसमंद में 5-5, बीकानेर, जालोर, झालावाड़ में 3-3 तथा गंगानगर में 2, बांसवाड़ा, हनुमानगढ़, जैसलमेर और पाली में 1-1 नया संक्रमित मिला है।

- **इधर, राज्य में बुधवार को साढ़े तीन सौ नए संक्रमित मिले हैं।**
- **राजधानी जयपुर में फिर वृद्धि होने से सर्वाधिक 128 नए मरीज पाए गए हैं।**

प्रदेश में पिछले कई दिनों से लगातार रिकवरी बेहतर हो रही है। इसके चलते बुधवार को भी 456 मरीज ठीक हुए हैं। राज्य में नए संक्रमितों से अधिक संख्या में रिकवरी होने से एक्टिव केस घटकर 2661 रह गए हैं। हालांकि इनमें सबसे जयादा 932 लोगों का इलाज जयपुर में चल रहा है। इसके अलावा इसके अलावा जोधपुर में 189, भरतपुर में 183, अलवर में 182 तथा अजमेर और दौसा में 1120-120 मामले मौजूद हैं। पिछले चौबीस घंटों में राहत कि बात यह रही कि राज्य करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि अब तक इस बीमारी से 9627 संक्रमितों की मौत हो चुकी है।

जयपुर में बुधवार को 37 स्थानों पर नए संकमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 34 नए मरीज सांगानेर में पाए गए हैं। इसके अलावा मालवीय नगर में 12, मानसरोवर में 11, जगतपुरा में 8, बस्सी में 6, जवाहर नगर व वैशाली नगर में 4-4, गांधी नगर, फागी व खातीपुरा में 3-3, बगरू, देव नगर, दुर्गापुरा, गोविंद नगर, जमवारामगढ़, महेश नगर व तिलक नगर में 2-2 तथा आमेर, बापू नगर, बरकत नगर, ब्रह्मपुरी, चाकसू, चौड़ा रास्ता, सिविल लाइन, दूदू, गंगापोल, हवा सड़क, झोटवाड़ा, कोटपूतली, एमआई रोड, फुलेरा, शाहपुरा, शास्त्री नगर, सिरसी, सोड़ाला और सुभाष चौक में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं 7 संक्रमितों का पता गलत मिला है। जिले मे पिछले चौबीस घंटे में केवल 72 मरीज ही रिकवर हुए हैं।



पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने बुधवार को जयपुर स्थित अपने आवास पर प्रेस से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में बढ़ते क्राइम और छात्रसंघ चुनावों में एनएसयूआई की हार जैसे मुद्दों पर बातचीत की।

# मैं पायलट के साथ हूँ, किसी पार्टी के साथ नहीं : सोलंकी

**जयपुर**, (का.प्र.)। देव भगवान जोधपुरिया जाने वाली पदयात्रा के चाकसू वीर गुर्जर छात्रावास पर हुए स्वागत कार्यक्रम में चाकसू से कांग्रेस विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने कहा कि मैं किसी पार्टी के साथ नहीं, पायलट के साथ हूं। गुर्जर समाज मुट्ठी बंद कर अपनी ताकत का इस्तेमाल करे, उन्होंने कहा कि किसी के आगे झुकने की जरूरत नहीं है।

सोलंकी ने कहा कि स्थानीय गुर्जर समाज को कई सौगातें दी। उन्होंने कहा कि हम सच बोलते हैं और सच किसी से छुपता नहीं है। हम अपनी बात बेधड़क रखते हैं। उन्होंने गुर्जर समाज से भाजपा और कांग्रेस की राजनीति छोड़कर सचिन पायलट के पक्ष में समाज को एकजुटता रखने की अपील की। साथ ही पायलट को प्रदेश का सीएम देखने का संकेत दिया। इससे पहले गहलोत कैंप के कांग्रेस विधायक और एससी आयोग के अध्यक्ष खिलाड़ी लाल बैरवा ने भी सचिन पायलट के समर्थन में अपना बयान देकर कहा था कि सचिन पायलट को यदि मुख्यमंत्री बना दिया जाए तो इसमें किसी को दिक्कत नहीं है। बैरवा का यह बयान अपने आप में राजस्थान में आगामी समय में होने वाले बदलाव के संकेत दे रहा है।

# 'अग्रिम संगठनों के हेडक्वार्टर खाली करवाने की सूचना से मन पीड़ित'

## खेल मंत्री अशोक चांदना ने मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिखकर कहा, ''तीनों ही संगठनों के कार्यकर्ताओं के साथ यह न्याय नहीं है'

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान में कांग्रेस के तीन अग्रिम संगठनों से उनके प्रदेश मुख्यालय खाली करवाने के बाद में राजस्थान युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा वर्तमान सरकार में खेल मंत्री अशोक चांदना ने सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को चिट्ठी लिखकर अपना विरोध दर्ज करवाया है। दरअसल पार्टी का शासन होते हुए भी प्रमुख अग्रिम संगठनों का इस तरह से बेघर हो जाना खुद कांग्रेस नेताओं को नागवार गुजर रहा है।

चांदना ने चिट्ठी लिखते हुए कहा है कि कांग्रेस के अग्रिम संगठन सेवादल, यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई के बनीपार्क हेडक्वार्टर को खाली करवाने की सूचना से मन पीड़ित है। मेरा मानना है कि यह तीनों ही संगठनों और उनके कार्यकर्ताओं के साथ न्याय नहीं है। कार्यकर्ताओं की भावनाओं को देखते हुए इस पर संज्ञान लेना चाहिए। अशोक चांदना ने मुख्यमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है।

- **इधर मानसरोवर में नए मुख्यालय की जमीन आवंटन पर बोले कांग्रेस नेता, ''स्थान का चयन ऐसा हो जो सभी विधानसभा क्षेत्रों से समान दूरी पर हो''**

उल्लेखनीय है कि कई मौकों पर खेल मंत्री अशोक चांदना आवाज उठाते रहे हैं। अशोक चांदना इससे पहले खेल परिषद से जुड़े मामले में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव पर आरोप लगाकर इस्तीफे की पेशकश कर चुके हैं। वही पिछले दिनों हुए एक कार्यक्रम में वह मुख्यमंत्री के बुलाने के बावजूद अग्रिम पंक्ति में बैठने से मना कर चुके हैं और उन्होंने उस कार्यक्रम में भाषण देने से भी इनकार कर दिया था। अब अशोक चांदना ने अग्रिम संगठनों के दफ्तर खाली करवाने पर सवाल उठाकर फिर सियासी चर्चाएं छेड़ दी हैं।

2 दिन पहले ही कांग्रेस सेवादल, यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई के बनीपार्क के दफ्तर खाली करवाकर इसका कब्जा पीडब्ल्यूडी को दिया गया है। इसके बाद अब तीनों संगठनों के पास अब खुद का दफ्तर नहीं रह गया है। पहले कांग्रेस ने अस्पताल रोड पर बंगला आवंटित करवाने के लिए कलेक्ट्रेट के पास तीनों अग्रिम संगठनों के दफ्तर सरेंडर करने का फैसला किया। अस्पताल रोड पर कांग्रेस के नाम दफ्तर के लिए बंगला अलॉट हो गया, लेकिन अब पार्टी वहां पर वॉर रूम बना रही है। ऐसे में अग्रिम संगठनों को वहां दफ्तर नहीं मिलेगा। कहा जा रहा है कि प्रदेश कांग्रेस की ओर से तीनों अग्रिम संगठनों से कहा गया है कि वह 20 हजार रुपए महीने में अपने लिए किराए की जगह देख ले, लेकिन जितना स्थान बनीपार्क में इन तीनों अग्रिम संगठनों को मिला हुआ था, उतनी बड़ी जगह इतने कम किराए में जयपुर में मिलना संभव नहीं है। उधर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के लिए मानसरोवर में सरकार ने जमीन अलॉट करने का फैसला किया है, लेकिन कांग्रेस के अधिकांश नेता मानसरोवर में कांग्रेस मुख्यालय बनाने को गलत मान रहे हैं। इन नेताओं का कहना है कि जयपुर शहर में बीचों-बीच स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर आने वाले गिनती के लोग हैं। ऐसे में यदि यह मुख्यालय मानसरोवर बनाया जाता है, तो वहां कांग्रेस कार्यकर्ता क्यों और कैसे जाएंगे। इसलिए जयपुर से जुड़े अधिकांश कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यदि पार्टी को अपना मुख्यालय बनाना है, तो वह ऐसे स्थान पर होना चाहिए, जो सभी विधानसभा क्षेत्रों से नजदीक रहे। फिलहाल अग्रिम संगठनों को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में ही अस्थायी तौर पर जगह दी जाएगी।

## मौलवी की टिप्पणी का विरोध

**जयपुर।** सोशल मीडिया पर मौलाना जर्जिस अंसारी की अनुसूचित वर्ग की महिलाओं पर की गई अपमानजनक टिप्पणी के विरुद्ध अम्बेडकर मिशन ने जयपुर के जवाहर सर्किल थाने में मंगलवार को परिवाद दायर कराया है। अम्बेडकर मिशन के प्रदेश संयोजक विनोद कुमार ने बताया कि हाल ही में मौलाना जर्जिस अंसारी के अधिकृत सोशल मीडिया एकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया गया है। जिसमें मौलाना सीधे-सीधे वाल्मीकि समाज की महिलाओं को बदसूरती, गन्दापन जैसे हीनतर प्रतीक के रूप में प्रस्तुत करता दिखाई दे रहा है। मौलाना की इस तकरीर में जिस अर्थ में वाल्मीकि समाज की महिलाओं को प्रस्तुत किया गया है, उससे सम्पूर्ण समाज आक्रोशित है और वाल्मीकि समाज की महिलाएं खुद को अपमानित महसूस कर रही हैं। मिशन के प्रदेश संयोजक ने आगे बताया कि मौलवी की उक्त टिप्पणी के खिलाफ प्रदेश भर के अनुसूचित समाज में तीखी प्रतिक्रिया हुई है। मौलाना की टिप्पणी से आहत अमित सामरिया, बनवारी राव, रोहित हरी, सुनिल वाल्मीकि, धनराज वाल्मीकि, दीपक बड़ीवाल, हरीश महावर, करण वाल्मीकि, विक्रम चौबदार सहित बड़ी संख्या में अनुसूचित समाज के लोग थाने पहुंचे तथा मौलाना की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

# डॉ. पूनिया आज पाली प्रवास पर रहेंगे

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने आज गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर आमेर घाटी के दरवाज़ा पर भगवान श्री गणेश जी की पूजा अर्चना की। इसके बाद नहर के गणेश जी मंदिर में दर्शन कर भगवान गणपति का आशीर्वाद लिया और प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। डॉ. पूनियां 1 सितंबर को पाली जिले के प्रवास पर रहेंगे।

## डीडवाना में होगा किसान सम्मेलन

**जयपुर।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हरिराम रणवा ने बताया कि भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश के सभी सातों संभागों में किसान सम्मेलनों का आयोजन कर रहा है। अब 4 सितंबर को अजमेर संभाग के नागौर जिले में डीडवाना में किसान सम्मेलन का आयोजन होगा।

# जेडीए मामले की जांच पूरी करे : हाईकोर्ट

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने रामबाग होटल के एसएमएस कन्वेंशन सेंटर में मरम्मत के नाम पर नया निर्माण करने के आरोप से जुड़े मामले में जेडीए को जल्द जांच पूरी करने को कहा है।

अदालत ने जेडीए को कहा है कि वह अंतिम फैसले से पहले होटल को भी सुनवाई का पूरा मौका दे। एक्टिंग सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस विनोद कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश जितेन्द्र तिवाडी की जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि जेडीए ने पहले ही निजी पक्षकारों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर नोटिस जारी कर दिए हैं।

- **रामबाग होटल के एसएमएस कन्वेंशन सेंटर में मरम्मत के नाम पर नया निर्माण करने का मामला**

वहीं निजी पक्षकारों ने जवाब भी दे दिया है और जेडीए उनका परीक्षण कर रहा है। ऐसे में प्रकरण में आगामी कार्रवाई की जरूरत नहीं है और जेडीए जल्द से जल्द जांच पूरी करने के लिए स्वतंत्र है।

जनहित याचिका में कहा गया था कि रामबाग पैलेस होटल अपने एसएमएस कन्वेंशन सेंटर में पुराने निर्माण को तोड़कर नया निर्माण कर होटल बना रहे हैं। जबकि इस नए निर्माण से पहले जेडीए की मंजूरी भी नहीं ली है। इसलिए मरम्मत के नाम पर हो रहे नए निर्माण कार्य पर रोक लगाई जाए। वहीं जेडीए की ओर से कहा गया कि मामले में रामबाग पैलेस होटल को नोटिस दे दिया है और उनका जवाब भी आ गया है। जेडीए की एक टीम 5 सितंबर 2021 को मौके का निरीक्षण कर आई है। इसके अलावा जेडीए ने 12 सितंबर 2021 को निर्माण कार्य को तुरंत बंद करने व निर्माण स्वीकृति दस्तावेज मुहैया कराने का नोटिस भी भेजा है। मामले में जेडीए की कार्रवाई जारी है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने जनहित याचिका का निस्तारण कर दिया है।

# रणबीर सिंह ने संस्कृति और इतिहास को नये आयाम दिये: डॉ. सिरसा

**जयपुर**, (का.सं.)। जन नाट्यय संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणबीर सिंह की स्मृति में प्रगतिशील लेखक संघ और इप्टा के संयुक्त तत्वावधान में यहां कुमारानंद हॉल में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि का वृहद् स्तर पर आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि प्रगतिशील लेखक संघ के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सुखदेव सिंह सिरसा ने कहा कि रणबीर सिंह ने थिएटर ही नहीं संस्कृति और इतिहास को नए आयाम दिए। उन्होंने राज्य के इतिहास का आधुनिक विचार के साथ प्रामाणिक लेखांकन किया। आज के हिंसा और सांप्रदायिकता, असहिष्णुता के माहौल में वे प्रकाश पुंज थे। उनके भीतर एक ज्योति प्रज्ज्वलित हो रही थी। उन्होंने संस्कृति को जन से जोड़ने का काम किया और वे युवाओं के लिए एक मजबूत विरासत छोड़ गए हैं। इसे हमें मजबूती से थामे रखना होगा।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रतिष्ठित कथाकार साहित्यकार डॉ. हेतु भारद्वाज ने कहा कि रणबीर सिंह ने संस्कृति के स्तर पर आम आदमी की संस्कृति को अपनाया। रंगमंच अभिनय और नाटक के लिए उन्होंने जो नया पाठ्यक्रम तैयार किया वह युवा पीढ़ी के लिए मूल्यवान सिद्ध होगा। उसका प्रकाशन किया जाना चाहिए। वे सिद्धांतों से ज्यादा व्यवहार और आचरण करने में विश्वास रखते थे।

प्रो. मोहन श्रोत्रिय ने कहा कि उन्होंने साहित्य संस्कृति इतिहास में इतना ठोस और अनूठा सृजन किया है जिसके लिए वह संस्कृति पुरुष कहलाने के हकदार हैं।

इस अवसर पर प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष मंडल के सदस्य फारूक आफरीदी ने कहा कि प्रगतिशील संगठनों की जिम्मेदारी बनती है कि वह रणबीर सिंह जी के कार्यों को चिरस्थाई बनाने का प्रयास करें। उनकी सांस्कृतिक दृष्टि और चिंतन को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। वे चाहते थे नए नाटक लिखे जाएं।

## अस्पताल में बुजुर्ग महिला से गहने लूटे

**जयपुर।** बजाज नगर इलाके में स्थित जयपुरिया अस्पताल में दो युवकों ने एक 60 वर्षीय महिला को बेसुध कर उसके जेवरात लूट लिए। जब अस्पताल परिसर में महिला को होश आया तो वह ओपीडी के पास सीड़ियों पर बैठे हुई थी। बुजुर्ग महिला का मंगलसूत्र, सोने के टॉप गायब मिले। महिला जब सांगानेर स्थित अपने घर पहुंची तो बेटा मां को लेकर बजाज नगर थाने पहुंचा। बजाज नगर थाना पुलिस ने 60 वर्षीय गीता देवी की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कराया। पीड़िता ने बताया कि वह अपने परिवार के किसी सदस्य के इलाज के लिए जयपुरिया अस्पताल गई थी। वापस लौटते समय उसे ओपीडी के पास एक बच्चा मिला। जिसने उससे टोंक रोड जाने का रास्ता पूछा। महिला ने रास्ता बताया तो वह उससे बात करने लगा। बोला की वह यहां जिस के पास काम करता था वह उससे मारपीट करता हैं। इस लिए वह उसके पैसों की एक गड्डी चोरी कर अपने घर जा रहा हैं। इसी दौरान एक अन्य युवक भी वहां आ गया। उस बच्चे से बात करने लगा। इसके बाद महिला को होश नहीं है कि क्या हुआ। जिस जगह पर वह बच्चा महिला को मिला था। उससे 10 मीटर दूरी पर महिला सीड़ियों के पास बेसुध मिली थी। वहीं, बजाज नगर थाना पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई हैं।

## बदमाशों से बालिका को सुरक्षित बचाया

**जयपुर।** खोह नागोरियान थाना पुलिस और मानव तस्करी विरोधी यूनिट जयपुर पूर्व ने स्नेह आगंन संस्था गांधी नगर के सहयोग से अपराधियो के चंगुल से बालिका को सुरक्षित रैस्क्यू किया है। साथ ही दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व डॉ. राजीव पचार ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि खोह नागोरियान थाना इलाके में एक महिला द्वारा खानिया बंध्या आगरा रोड में एक लड़की को बंधक बना कर गलत काम करवाया जा रहा है।

# डॉ.पूनिया ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सतीश पूनियां ने जयपुर स्थित अपने जनसंवाद केन्द्र पर जनसुनवाई की, जिसमें प्रदेशभर के आमजन व कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस अवसर पर डॉ.पूनियां ने प्रदेशभर के दर्जनों कॉलेजों-विश्वविद्यालयों के छात्रसंघ प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

डॉ. पूनियां ने जगद्गुरू रामानंदचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय (जयपुर) के अध्यक्ष पंकज कुमावत, उपाध्यक्ष दीपांशु नाथावत, महासचिव मनोज सिंह सेन, संयुक्त सचिव प्रदीप बधाला, महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर के अध्यक्ष महिपाल गोदारा, उपाध्यक्ष मुकेश मुंदलिया, महासचिव अंकित शर्मा, बगरू राजकीय कॉलेज के अध्यक्ष रोशन चौधरी, सुंदर महाविद्यालय महापुरा के अध्यक्ष विकास टोडावत, कॉमर्स कॉलेज जयपुर के अध्यक्ष आदित्य शर्मा, राजकीय महाविद्यालय सूरजगढ के अध्यक्ष नंदसिंह शेखावत, संयुक्त सचिव आकाश, मास्टर हजारीलाल महाविद्यालय चिडावा के अध्यक्ष भवानी सिंह, संयुक्त सचिव अंजू, महारानी श्री जया कॉलेज भरतपुर के अध्यक्ष पवन चिकसाना, उपाध्यक्ष गौरव लुधावई, वैर राजकीय कॉलेज के अध्यक्ष हरिओम गुर्जर, राजकीय कॉमर्स कॉलेज के अध्यक्ष दीपांशु पारिता, उपाध्यक्ष केशव दीक्षित, अजीतगढ पी.जी.कॉलेज की अध्यक्ष मेघा चौधरी, महासचिव ज्योति कुमावत, संयुक्त सचिव पायल कुमावत, विवेकानंद महाविद्यालय तिगरिया के अध्यक्ष धर्मेश बरवाल सहित प्रदेशभर के दर्जनों कॉलेजों- विश्वविद्यालयों के छात्रसंघ प्रतिनिधियों से मुलाकात की।

- **छात्रसंघ प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया**

# स्कूटी से बेटे को लेकर घर जा रही महिला की बदमाशों ने चेन तोड़ी

**जयपुर**,(कासं)। राजधानी के मुरलीपुरा इलाके में स्कूटी से बेटे के साथ घर जा रही महिला के गले से एक बदमाश गले पर झपटा मार कर चेन तोड़ ले गए। इसके बाद वह पास में बाइक स्टार्ट किए अपने साथी के साथ फरार हो गया। मौके पर एक घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरा घटनाक्रम कैद हो गया। महिला अभी तक सदमें में है। इस संबंध में तीन दिन बाद थाने में मामला दर्ज करवाया गया हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुट गई हैं।

पुलिस के अनुसार इस संबंध में युवती ने थाने में मामला दर्ज करवाया है। उसने पुलिस बताया कि 30 वर्षीय पायल शर्मा मुरलीपुरा के आर्यनगर से 27 अगस्त को पास ही मुरली पुरा स्कीम में सीनियर सैकंडरी स्कूल के पास अपने पीहर गई थी। उसकी स्कूटी पर आगे तीन साल का बेटा भी खड़ा था। पीहर के घर की गली में ही पीछे से एक बाइक आई, जिस पर सवार दो लड़कों ने स्कूटी के आगे बाइक लगाकर रोका। एक बदमाश उतरा और पास आकर युवती के गले से सोने की चेन लूट ली। गले से चेन लूटने के बाद बाइक सवार बदमाश गलियों में बाइक दौड़ाते हुए ओझल हो गए। यह देख महिला ने बदमाशों का एक किलोमीटर तक पीछा भी किया, लेकिन बच्चे की वजह से वह ज्यादा देर तक उनका पीछा नहीं कर पाई। जिस समय यह वारदात हुई उस समय गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में यह पूरा घटनाक्रम कैद हो गया। जिसे लोगों ने लुटरों की तलाश के लिए खूब वायरल किया। पुलिस को उसी दिन सूचना देने के बाद तीन दिन बाद एफआईआर दर्ज हुई। पायल शर्मा ने बताया कि करीब 70 हजार रुपए की चेन थी। जब से घटना हुई है, वह सो भी नहीं पा रही हैं। घर के बाहर भी नहीं निकल रही हैं। बेटा पार्थ भी किसी को पीली टीशर्ट देखकर बोल रहा है कि वह रहे चोर अंकल। पति सुजीत शर्मा का नेपाल बॉर्डर पर कपड़ों का कारोबार है। उन्हें भी जानकारी दे दी है।

- **महिला ने करीब एक किलोमीटर तक बदमाशों का पीछा किया**

# दिव्य रामकथा से धन्य हुआ राजभवन : कलराज मिश्र

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने बुधवार को राम कथा की पूर्णाहुति पर संत विजय कौशल महाराज का शब्दों के माध्यम से श्रीराम की कथा का सजीव चित्रण करने के लिए आभार जताते हुए उनका अभिनन्दन किया। इससे पहले उन्होंने रामकथा पूर्णाहुति आरती, अर्चना करते हुए भगवान श्रीराम से देश और प्रदेश के सुख, समृद्धि, सम्पन्नता के साथ खुशहाली की कामना की।

मिश्र ने कहा कि राम कथा के श्रवण मात्र से जीवन सम्पन्न, समृद्ध हो जाता है। उन्होंने संत विजय कौशल महाराज द्वारा की गई रामकथा को दिव्य और अनुपम बताते हुए कहा कि पांच दिवसीय इस आयोजन से राजभवन धन्य हुआ है। राज्यपाल ने कहा कि धर्म कोई एक पंथ नहीं है, धर्म तो नैतिकता और मर्यादा का प्रतीक है। संविधान की मूल प्रति में भी भगवान श्रीराम का चित्र है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि कथा-प्रवचन सुनने से जीवन सुसंस्कारित बनता है और बचपन के संस्कार ताउम्र व्यक्ति के साथ रहते हैं। उन्होंने कहा कि समयाभाव के कारण वह पहले रामकथा में उपस्थित नहीं हो सके और आज अवसर मिलते ही संत



राज्यपाल कलराज मिश्र ने रामकथा की पूर्णाहुति पर संत विजय कौशल महाराज का शब्दों के माध्यम से श्रीराम की कथा का सजीव चित्रण करने के लिए आभार जताया और उनका अभिनन्दन किया।

विजय कौशल महाराज की रामकथा सुनने के लिए उपस्थित हो गए।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने कहा कि पांच दिन तक रामकथा होने से यहां का पूरा परिवेश ही राममय हो गया है। रामकथामृत सुनने का अवसर देने के लिए, राज्यपाल मिश्र और संत विजय कौशल महाराज का आभार प्रकट किया।

रामकथा से पहले सुप्रसिद्ध गजल और भजन गायक अहमद हुसैन और मुहम्मद हुसैन ने विघ्नहर्ता गणेश की सुमधुर वंदना की।

## आवासन मंडल पर लगाया हर्जाना

**जयपुर**, (का.सं.)। महानगर की स्थाई लोक अदालत ने करीब पांच दशक पुराने पंजीकृत आवेदक को आवास आवंटन नहीं करने पर आवासन मंडल पर 72 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। वहीं अदालत ने आवेदक की पत्नी को जून 2012 की तय दर से आवास आवंटित करने को कहा है।

अदालत ने आवासन मंडल आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि वे प्रसंज्ञान लेकर प्रकरण को तीन माह में तय कराए। वहीं अदालत ने मामले में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई कर अदालत को जानकारी देने को कहा है। अदालत ने यह आदेश रामेश्वरी देवी के प्रार्थना पत्र पर दिए। अदालत ने कहा कि यह बड़ी शर्मनाक स्थिति है कि 1973 में आवेदन जमा करने के बाद भी आवासन मंडल ने कोई कार्रवाई नहीं की, जबकि आवेदक तीन लाख रुपए से अधिक जमा करवाया चुका था।

# जीरो सैटबैक में निर्माण करने पर बिल्डिंग को किया सील

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-12 में जविप्रा की बिना अनुमति व स्वीकृति के गैर अनुमोदित योजना में जीरो सैटबैक पर बिल्डिंग बायलॉज का गंभीर उल्लंघन कर बनी व्यावसायिक 4 मंजिला वृहद अवैध बिल्डिग को सील किया गया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि जोन-12 के क्षेत्राधिकार क्षेत्र में अवस्थित कालवाड रोड़ पर गैर अनुमोदित योजना जनकपुरी में भूखण्ड संख्या एस-140 में जविप्रा की बिना अनुमति व स्वीकृति के बिल्डिंग बायलॉज का गंभीर वॉयलेशन कर जीरो सेटबेक पर 4 मंजिला की वृहद अवैध व्यावसायिक बिल्डिंग ( तीन मंजिल व्यावसायिक व चोथी मंजिला आवासीय ) का निर्माण के अवधान में आते ही 23 जून को नोटिस कर अवैध निर्माण रुकवाया जाकर हटाने हेतु पाबंद किया गया आगे अवैध निर्माण नही होने देने हेतु गार्ड लगाया गया। अवैध निर्माणकर्ता द्वारा न्यायालय अपीलीय अधिकरण, जविप्रा जयपुर में अपील दायर की गयी, जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा रिमांड किया जाने पर विधिक प्रक्रिया अपनाते हुये 23 अगस्त को विधिक नोटिस दिया गया। उक्त वृहद अवैध व्यावसायिक बिल्डिंग का निर्माण पूर्ण होकर अवैध रहवास-व्यावसायिक गतिविधियॉ संचालित होने की प्रबल सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुये सक्षम स्तर से सीलिंग आदेश प्राप्त कर नोटिस जारी किया जाकर आज अवैध बिल्डिंग के प्रवेश द्वारों, इत्यादि को ईटों की दीवारो से चुनवाकर, शटर पर ताले, सील चपडी लगाकर पुख्ता सीलिंग कार्यवाही की गई। जविप्रा द्वारा सीलिंग में हुये व्यय-खर्चे की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जावेगी।